# जीबी नगर और श्रावस्ती शिकायत निवारण में अग्रणी

## चर्चा में क्यों?

**उत्तर प्रदेश** सरकार ने **एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली** (Integrated Grievance Redressal System) के माध्यम से अपनी **शिकायत निवारण रिपोर्ट** जारी की, जिसमें उन ज़िलों को हाइलाइट किया गया जहाँ नागरिक संतुष्टि सबसे अधिक थी।

## मुख्य बिंदु

- **पुलिस शिकायत निवारण: गौतम बुद्ध (जीबी) नगर 98.72% संतुष्ट प्रतिक्रिया दर** के साथ शीर्ष पर रहा, इसके बाद पीलीभीत (98.23%), बलिया (96.04%), बस्ती (95.43%) और श्रावस्ती (95.14%) हैं।
- **ज़िला मजिस्ट्रेट शिकायत निवारण:** श्रावस्ती 90.2% संतुष्टि के साथ अग्रणी रहा, इसके बाद शाहजहाँपुर (89.08%), बलरामपुर (83.44%), हमीरपुर (82.15%) और बरेली (80.11%) हैं।
- **पारदर्शिता के लिये तंत्र:** जिन अधिकारियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज की गई है, उनके द्वारा शिकायतों को बंद नहीं किया जा सकता; वरिष्ठ अधिकारी जैसे ADM, ASP, DCP या DCP-स्तरीय अधिकारी निवारण की समीक्षा करते हैं और सीधे शिकायतकर्त्ताओं के साथ संवाद करते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gb-nagar-and-shravasti-tops-in-complaint-redressal